''मोर माटी मेरा देश''

शासकीय बाला साहेब देशपाण्डे महाविद्यालय कुनकुरी में दिनांक 12.08.2023 को मोर माटी मेरा देश से आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. विनायक साय ने ''मोर माटी मेरा देश'' के उददेश्य, महत्व एवं इसके कार्य योजना के बारे में अवगत कराया और साथ ही डॉ. आर.पी.एस. धुर्वे ने प्राचार्य की अगवाई में महाविद्यालय के समस्त अधिकारी, कर्मचारियों एंव विद्यार्थियों को अपने हाथ में एक मुटटी माटी लेकर निम्न शपथ दिलाई। ''हम भारत को 2047 तक आत्म निर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करेंगे। गुलामी की मनसिकता को जड़ से उखाड़ फेंकेगे। देश के समृध्द विरासत पर गर्व करेंगे। भारत की एकता को सुदृढ करेंगे और देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करेंगे। नागरिक होने का कर्तव्य निभायेगें।'' इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सहायक प्राध्यापक, सुशील एक्का, आलोक टोप्पो, निलेश कुमार धलेन्द्र, ग्रंथपाल अरूणा देवी प्राध्यापकगण एवं विद्यार्थियों का योगदान रहा।